OFFICE OF THE PRINCIPAL,
GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
(An Institution of Govt. of Bihar)
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com

Letter No…………….  Date:……/……./2025

**निविदा की शर्त्तें है:-**

1. निविदा दो प्रतियों में तकनिकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे पर क्रमशः तकनिकी एवं वित्तीय निविदा लिखा होना आवश्यक होगा। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम एवं पूर्ण पता मोबाईल नं० सहित निविदा संदर्भ ज्ञापांक स्पष्ट रूप से लिखित होना अनिवार्य है। दोनों मुहरबंद लिफाफे को एक अलग बड़े लिफाफे में मुहरबंद होना चाहिए। अगर दोनों निविदा निबंधित डाक द्वारा अलग-अलग समर्पित की जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. तकनिकी एवं वित्तीय निविदा (नोट- वित्तीय निविदा कम्प्यूटरीकृत कर Excel Format में ही देना अनिवार्य होगा) के साथ संलग्न सूची के क्रमानुसार ही कम्प्यूटराईज टंकित प्रति की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी देना अनिवार्य होगा। सामानों की दर में किसी भी प्रकार का ओभर राईटिंग या संशोधन नहीं होना चाहिए। कहीं भी हस्तलिखित होने पर निविदा अस्वीकृत माना जायेगा।
3. तकनिकी निविदा के साथ समानों का नाम (मेक सहित पूर्ण विवरण के साथ) प्रतिष्ठान निबंधन, आयकर विभाग से प्राप्त पैन नं० की छायाप्रति, निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र पिछले तीन वर्षों का, जी०एस०टी० निबंधन तथा अद्यतन जी०एस०टी० रिटर्न प्रमाण पत्र जो की लेखाकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होंगे संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. वित्तीय निविदा में जी०एस०टी० तथा सामग्रियों को संस्थान तक पहुँचाने का भाड़ा सम्मिलित रहेगा। किसी प्रकार का अन्य कर अलग से देय नहीं होगा।
5. निविदा के साथ अग्रधन की राशि **अलमीरा** उपलब्ध करने हेतु मो० 50,000/- (पचास हजार) रूपये का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का अद्यतन डिमांड ड्राफ्ट जो प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के पदनाम से देय हो। उक्त निविदा का दर अनुमोदित होने पर अग्रधन की राशि वक्त वित्तीय वर्ष के पश्चात् वापस किया जायेगा।
6. सरकार के निर्देशानुसार टैक्स TDS (GST) की कटौती संवेदक के विपत्र से की जाएगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक रूप से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी/क्रय समिति को सुरक्षित होगा।

Scanned with OKEN Scanner

# OFFICE OF THE PRINCIPAL,
# GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
**(An Institution of Govt. of Bihar)**
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com


Letter No……………                                                Date:……/……./2025

08. आपूर्त्ति किये समानों का अधिष्ठापन एवं प्रशिक्षण का व्यय निविदादाता को करना होगा।
09. निम्न शर्त्तों के साथ शपथ पत्र की मूल प्रति जो की फर्म Proprietor/ निदेशक द्वारा स्टाम्प एवं स्व० हस्ताक्षरित हों तकनिकी निविदा के साथ संलग्न करन अनिवार्य है:-
    I. निविदा में दिए गए सभी शर्त्तें मुझे मान्य है।
    II. किसी संस्थान या सरकारी कार्यालय द्वारा मेरे फर्म को कभी भी काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है।
    III. मेरे फर्म का नाम कभी भी, किसी भी आपराधिक मामले में दर्ज नहीं है, तथा न्यायालय द्वारा मेरे फर्म दंडित नहीं किया गया है।
    IV. तकनिकी निविदा में दिये गये समान की गुणवर्त्ता का आपूर्त्ति अनुपालन में किया जायेगा।
10. निविदा में संलग्न सभी पृष्ठ पृष्ठांकित होंगे तथा निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होंगे एवं निविदा के प्रथम पृष्ठ पर निविदा में संलग्न सभी कागज़ातों की सूची (Index) विवरणी टंकित करना अनिवार्य होगा।
11. वित्तीय निविदा में समानों की दर बाजार मूल्य (MRP) से कम होना चाहिए अन्यथा निविदा अस्वीकृत मानी जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये क्रय समिति/अद्योहस्ताक्षरी द्वारा रद्द किया जा सकता है।
12. आपूर्त्ति आदेश के उपरांत सामग्रियों की आपूर्त्ति एवं उसकी गुणवत्ता की जाँच के पश्चात् सही पाए जाने पर राशि की उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जाएगा।
13. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायायिक क्षेत्र, पूर्णियाँ (बिहार) व्यवहार न्यायालय होगा।

Hirshna 24/9/26

**प्राचार्य**
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ

Scanned with OKEN Scanner